# जलसंकट बढ़ा : लेटलतीफ ठेकेदार किए जाएंगे बर्खास्त

## मंत्री भूपेंद्र सिंह बोले-ब्लैक लिस्ट भी किया जाए

पीपुल्स ब्यूरो ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

7-5-22

नगरीय निकाय क्षेत्रों में पेयजल की बढ़ रही समस्या को लेकर विभाग के मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को बैठक की। उन्होंने अफसरों से कहा कि जो ठेकेदार या कंपनियां जल योजनाओं को पूरा करने में देर कर रहे हैं, उन्हें बर्खास्त और ब्लैकलिस्ट किया जाए।

किसी भी नगरीय निकाय में पेयजल की समस्या नहीं होना चाहिए। समीक्षा में सिंह ने कहा कि जिन नगरीय निकायों में 2 दिन छोड़कर पानी दे रहे हैं, वहां दूसरे दिन और जहां एक दिन छोड़कर पानी दे रहे हैं, वहां प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति करें। सिंह ने नगर निगम आयुक्त और सीएमओ से अलग-अलग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात कर पेयजल की स्थिति की जानकारी ली।



भूपेन्द्र सिंह

उन्होंने पानखेडी (कालापीपल) में अमृत योजना के कार्य में देरी पर कंसल्टेंट और कांट्रेक्टर को ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश दिए। अधीक्षण यंत्री को 2 दिन मण्डीदीप में कैंप कर पेयजल योजना की समीक्षा कर काम में तेजी लाने और पुराने कांट्रेक्टर को ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम ग्वालियर ने बताया कि ग्वालियर में 6 साल बाद एक अप्रैल 2022 से प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

# मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई

रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया।

प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है।

स्वसंत रतलाम 7-5

**प्रतिदिन पानी को लेकर करना पड़ रही जद्दोजहद**

# करोड़ों की लागत से 7 साल पहले बदली पाइप लाइन, फिर भी 30 प्रतिशत शहर है प्यासा

**फॉलोअप**




पत्रिका

प्रकाशित खबर।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में यूआईडी एसएसएमटी याने की जल आवर्धन योजना में करीब सात वर्ष पहले दावा किया गया कि पेयजल क्षमता एक करोड़ गेलन होगी। इस योजना में पाइप लाइन को बदला गया, लेकिन कई तरह के जतन करने के बाद भी शहर की 30 प्रतिशत हिस्सेदारी में नगर निगम प्रतिदिन समय पर पेयजल देने में असमर्थ साबित हो रहा है।

करोड़ो रूपये की यूआईडीएसएसएमटी योजना में दावा किया गया था की इससे पेयजलापूर्ति की क्षमता 1 करोड़ गेलन होने से शहरवासियों को पानी की किल्लत से राहत मिलेगी। वही नगर निगम शहरवासियों को प्रतिदिन जलापूर्ति के साथ ही उद्योगों व रेलवे को भी पानी देने में सक्षम हो जाएगा। इसके साथ ही यह भी दावा किया गया था की धोलावड़ से रतलाम तक बिछाई गई 19.7 किमी मुख्य पाइप लाइन में डीआईकि-9 पाइप का उपयोग किया गया है। इस पाइप को तोडना या इसमें छेद करना आसान नहीं होता। मेटल के आधुनिक पाइप में सुरक्षा को तवज्जों दी गई है। लीकेज से व्यर्थ बहने वाले पानी पर भी इससे रोक लगेगी। हकीकत यह है कि



आए दिन या तो पाइप लाइन लीकेज हो रही है या टूट रही है। नगर निगम ने कई दावे किए थे। इनमे मोरवानी में नया फिल्टर प्लांट भी बनाया गया है। यहां प्रतिदिन जलापूर्ति के पहले करीब 50 लाख गैलन पानी को मानक स्तर पर शुद्द किया जाएगा। दो प्लांट व दो पाइप लाइन होने से किसी एक के खराब होने पर दूसरे का उपयोग किया जाएगा।

## वाल्व बेहतर तकनीक के

पाइप लाइन के घुमावदार हिस्सों पर लगाए गए वाल्व भी बेहतर तकनीक के हैं। इससे किसी भी स्थान पर पानी चोरी की संभावनाएं न के बराबर रहेगी। लेकिन इस योजना में किये गए सारे दावे अब खोखले नजर आ रहे हैं, न तो शहरवासियों को प्रतिदिन पेयजल मिल रहा है, और जो मिल रहा है, वह भी अनियमित समय पर अशुद्ध और मटमैला है। पानी चोरी और लीकेज लीकेज रुकने के दावे भी अब हवा हवाई की तरह नजर आ रहे हैं।

## भुगतान पूरा, पानी दस दिन भी नहीं

शहर में देखा जाए तो प्रतिमाह समय पर घरेलू कनेक्शन में 150 रुपए की पेजयल राशि का भुगतान करने वाले शहर के आम उपभोक्ता को करोड़ो की योजना के लोकार्पण के 7 साल बाद भी समय पर शुद्ध जल के लिए तरसते हुए जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि पूरे माह का शुल्क लेकर 15 दिन पेयजल देने वाली नगर निगम अब पूरे माह 10 दिन ही पेयजल दे पा रही हैं। ऐसे में आमजन को परेशानी हो रही है व निजी स्त्रौत पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

## जवाबदार मौन है

शहर में पेयजल का गंभीर संकट है। मात्र दस दिन पेयजल उपलब्ध हो पा रहा है। गंभीर बात यह है कि जिनकी जवाबदारी है, वे मौन है। आमजन त्रस्त हो गई है।

**- अनिल कटारिया,** पूर्व जिला संयोजक आईटी सेल भाजपा

## संसाधन बदल रहे है

धोलावाड़ से लेकर मोरवानी तक जो संसाधन पुराने हो गए है, उनको बदला जा रहा है। इसके लिए कुछ टेंडर निकाले गए है, जबकि अन्य की तैयारी जारी है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

**सीएम हाउस में मोची सम्मेलन:** शिवराज ने मोची बंधुओं के साथ किया भोजन, बोले- प्रशिक्षण और टूल किट भी देगी सरकार

# मोची बंधुओं के उत्पाद की बेहतर मार्केटिंग के लिए पॉलिसी बनेगी : सीएम

■ संत रविदास की जन्मस्थली के दर्शन के लिए भेजा जाएगा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भोपाल. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोचीबंधुओं के उत्पाद की बेहतर मार्केटिंग के लिए पॉलिसी बनेगी। उन्हें प्रशिक्षण के साथ टूल किट भी दी जाएगी। सरकार बाजार भी उपलब्ध कराएगी, ताकि उन्हें उत्पाद के बेहतर दाम मिल सकें। प्रदेश में प्रतिवर्ष धूमधाम से संत रविदास जयंती मनाई जाएगी। मोची बंधुओं को संत रविदास की जन्मस्थली के दर्शन के लिए विशेष रूप से बनारस भेजा जाएगा। ये ऐलान सीएम शिवराज ने शुक्रवार को सीएम हाउस में मोची सम्मेलन व संत रविदास समारोह में किए। यहां सीएम ने कहा कि गरीब के चेहरे पर मुस्कान, उसकी इज्जत और सम्मान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जो सबसे पीछे हैं, जो गरीब हैं, उनकी भलाई सरकार के लिए सबसे पहले है।



## शिवराज ने योजनाओं की जानकारी दी

कार्यक्रम में शिवराज ने कहा, संत रविदास की भावना के तहत परिवारों के पास गैस चूल्हा हो, सभी को बीमारी में काम आने वाला आयुष्मान कार्ड उपलब्ध हो और परिवार संबल योजना का लाभ ले सके, इसके लिए सरकार ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। सम्मेलन में बुधनी विधानसभा क्षेत्र के मोची विशेष तौर पर शामिल हुए। यहां सीएम ने मोची वर्ग के कौशल उन्नयन और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए क्रिस्प और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फुटवियर डिजाइनिंग नई दिल्ली के प्रशिक्षण और मुख्यमंत्री पादुका योजना की जानकारी दी। उन्होंने कहा, चर्मकारों का कौशल विकास करने के लिए कॉमन फेसिलिटी सेंटर खोलकर फुटवियर डिजाइनिंग का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

**जिला प्रशासन द्वारा अवैध कॉलोनियों पर की गई कार्रवाई का सकारात्मक नतीजा**

# वैध कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि के साथ 7 करोड़ से ज्यादा की आय बढ़ी

## जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कॉलोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई है। विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड़ 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि 5 मई 21 से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

# अवैध कॉलोनियों पर एक्शन का सकारात्मक नतीजा

## वैध कॉलोनियों की संख्या में हुई वृद्धि, एक वर्ष में शासन को हुई 7 करोड़ रुपए से ज्यादा की राजस्व आय

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई है। विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंड़ों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

# कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा अवैध कालोनियों पर लिए गए एक्शन का सकारात्मक नतीजा...

## वैध कॉलोनियों की संख्या में हुई वृद्धि, विगत 1 वर्ष में शासन को हुई 7 करोड रुपए से ज्यादा की राजस्व आय

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वही शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई है। विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई है। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंड़ों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में

## युवक को कुएं में धक्का दिया, हुई मौत,चार पर केस

रतलाम। युवक को कुंए में धक्का दे दिया। पानी में डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मौत के मामले में चार युवक फंसे है। मृतक खारीवाल कॉलोनी जावरा का राजेश उर्फ राजू (38) है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने इस मामले में प्रतापनगर कॉलोनी पिपलौदा रोड जावरा के गणेशन, गढ़खंखाई माताजी हाल मुकाम मंशापुरण कॉलोनी जावरा के पिंकू, खारीवाल कॉलोनी के गोपाल तथा शांतिवन कॉलोनी के बबलु नामक युवक के खिलाफ अपराध कायम किया है। जावरा थाना प्रभारी प्रकाश गाडरिया के मुताबिक युवक की मौत के मामले में मुलजिम युवकों पर आरोप है कि 7 अप्रैल की रात 9 बजे के लगभग मृतक राजेश को लुहारी में जावरा वाले सेठ का कुंए पर धक्का दे दिया जिससे पानी में डूब जाने से युवक की मौत हो गई। धक्का देने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने युवकों की तलाश कर रही है। इसके अलावा बिलपांक पुलिस ने चालीस वर्षीय परमेश निवासी रुणखेड़ी की मौत पर मर्ग कायम किया। जानकारी के मुताबिक युवक को मृत अवस्था में इलाज के लिए रतलाम अस्पताल लाया गया।



# सब्जी और फ्रूट विक्रेता कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर से मिले

रतलाम। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख मार्गो से सब्जी और फ्रूट विक्रेताओं को हटाकर अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा है। ऐसी स्थिति में गरीब सब्जियों फल विक्रेताओं के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। सैकड़ों की तादाद में फल और सब्जी विक्रेताओं ने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में कलेक्टर पुरुषोत्तम से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। गरीब व्यापारियों की मांग थी की त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाय शहर में अन्य जो मार्ग है जहां यातायात नहीं है उन स्थानों पर उनको विक्रय करने की अनुमति दी जाए। स्थानों पर पूरी व्यवस्था की जाए। फल विक्रेताओं ने मांग की गई है रामगढ़, ईदगाह रोड, अंबेडकर सर्कल वह अन्य स्थान जहां ट्रैफिक नहीं है वहां उन्हें व्यवसाय करने दिया जाए। ज्ञापन लेकर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर पुरुषोत्तम ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई अभी सब्जी व फल विक्रेताओं के साथ नहीं की जाए।

## बाजार क्षैत्र में तेजी से होगा सड़कों का निर्माण

रतलाम। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुगम यातायात के लिए अब बाजार क्षैत्र में सड़क निर्माण कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए है। संभव है अगले कुछ दिनों में नौलाईपुरा के अलावा कुछ और मार्गो पर भी सड़क निर्माण कार्य शुरु हो सकता है। शहर की सड़को की हालत को लेकर लगातार सवाल उठते रहे है। लेकिन अब इस और तेजी से कार्य शुरु होने जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि बाजार क्षैत्र में अगले दो-चार दिनों में नई सड़कों का कार्य शुरु करने आवश्यक निर्देश दिए गए है। सूत्रों की माने तो यातायात सुधार के लिए सब्जी विक्रेताओं और ठेलों को हटाने की कार्रवाई के बाद अब दुकानों के स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी प्रशासन सख्त कार्रवाई कर सकता है।

## मुख्यमंत्री एंड्राइड ऐप लाड़ली ई-संवाद का शुभारंभ करेंगे

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आगामी 8 मई को प्रदेश में लाडली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम द्वारा एंड्राइड ऐप लाडली ई-संवाद का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी बालिकाओं से चर्चा भी करेंगे। लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं से सतत संवाद स्थापित करने हेतु विभाग द्वारा विकसित एंड्राइड ऐप लाडली ई-संवाद, बालिकाओं से संवाद स्थापित करने के लिए विकसित किया गया है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम संध्या 6.30 बजे किया जायेगा।

# एक हफ्ते में पानी व्यवस्था नहीं सुधरी तो निगम का घेराव

**रतलाम। वार्ड 8 में जनता को पीने का पानी नही मिलने से पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम को दी चेतावनी 8 दिन में व्यवस्था नही सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव किया जाएगा। वार्ड 8 में केवल 20 मिनिट पानी आता है, उसमे भी 4 से 5 दिन में नल आ रहे।**



पानी को लेकर पूरे वार्ड में अफरा तफरी मची है और हर व्यक्ति पानी को लेकर परेशान हो रहा है। जहां नगर निगम रोज पानी देने का दावा कर रही थी वो एक दिन छोड़कर भी लोगो को तय समय जितना भी पानी नही दे पा रही। निगम अधिकारियों द्वारा बहानेबाजी बनाई जा रही है। वार्ड नंबर 8 में 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज जिससे कई हजारों गेलन पानी बह रहा है। अगर एक वार्ड में 28 लीकेज है तो पूरे शहर में कितने होंगे और अगर लीकेज धोलावाड़ तक देख लिया जाए उसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। सीमा टाक ने निगम अधिकारियों हनिफ शेख, भैया लालजी चौधरी, नीरज यादव, को वार्ड में बुलाकर लीकेज बताये व पानी की स्थिति से जनता से रूबरू करवाया। इस दौरान वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा

## विगत 1 वर्ष में शासन को हुई 7 करोड़ रुपए से ज्यादा की राजस्व आय

**स्वतंत्र समय, रतलाम।**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वही शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई है। विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी। कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

स्वतंत्र समय 7-5-22

# जिले में वैध कॉलोनियां बढ़ी, सर्वाधिक राजस्व भी प्राप्त हुआ

**रतलाम » दबंग रिपोर्टर**

जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आने लगा है। जिले में वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है। शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं।



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय हासिल की गई है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

7-5

# 53 निकायों में एक दिन छोड़ जलापूर्ति

नई दुनिया
7-5-22

**पेयजल व्यवस्था** ● नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने की समीक्षा

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** प्रदेश के नगरीय निकायों में भी पेयजल आपूर्ति गड़बड़ा रही है। 53 नगरीय निकायों में एक दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा है तो 16 निकायों में दो दिन छोड़कर पेयजल आपूर्ति हो पा रही है। छिंदवाड़ा की डोंगरपरासिया नगर पालिका में तीन दिन में एक बार जलप्रदाय हो पा रहा है। कई जगह टैंकरों से जल परिवहन करके व्यवस्था बनाई जा रही है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा नगरीय निकायों में जलप्रदाय की स्थिति की समीक्षा में सामने आई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी निकाय में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। जहां भी जरूरत हो टैंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भूपेन्द्र सिंह ने नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि जिन निकायों में प्रतिदिन जलप्रदाय नहीं हो पा रहा है, वहां 245 टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई है। ग्वालियर के निगम आयुक्त ने बताया कि छह साल बाद एक अप्रैल 2022 से प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की जा रही है। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नगरीय निकायों में दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, वहां दूसरे दिन और जहां एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, वहां प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।



## निकायों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति

### इंदौर संभाग

**एक दिन छोड़कर**- पेटलावद, भाबरा, सांवेर, मूंदी, खंडवा।
**दो दिन छोड़कर**- मेघनगर, बिस्टान।

### उज्जैन संभाग

**एक दिन छोड़कर**- माकडोन, अकोदिया, नलखेड़ा, सोयतकलां, कनाड़, बड़ोद, बड़ागांव, सुसनेर, सोनकच्छ, भौंरासा, आगली, लोहारदा, हाटपिपल्या, सतवास, करनावद, नगरी, पिपल्यामंडी, सुवासरा, ताल और धामनोद।
**दो दिन छोड़कर**- पानखेड़ी और भैंसोदा मंडी।

### भोपाल संभाग

**एक दिन छोड़कर**- इछावर, जीरापुर, तलेन, कुरावर, सारंगपुर, बोड़ा, छापीहेड़ा, आमला, आठनेर, शाहपुर, घोड़ाडोंगर, सांची, सारणी।
**दो दिन छोड़कर**- सीहोर, जावर, मंडीदीप, ब्यावरा, मुलताई।

### ग्वालियर संभाग

**एक दिन छोड़कर**- आंतरी, शिवपुरी, कोलारस, बदरवास, चांचौड़ा, बीनागंज, खनियाधाना, अशोकनगर, शाढ़ौरा, गोहद।
**दो दिन छोड़कर**- करैरा, मौ।

### जबलपुर संभाग

**एक दिन छोड़कर**- छपारा, पांढुर्ना, दमुआ।
**दो दिन छोड़कर**- जुन्नारदेव, न्यूटन चिखली, चांद, बिछुआ, कटनी।
**तीन दिन छोड़कर**- डोंगरपरासिया।

### रीवा संभाग

**एक दिन छोड़कर**- मैहर, सतना, न्यूरामनगर।

---

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने आमजन से किया जनभागीदारी का आह्वान

# गोपाल गोशाला कालोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

**रतलाम।** शहर के वार्ड क्रमांक-16 की गोपाल गोशाला कालोनी में साढ़े 19 लाख की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आमजन से जनभागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारू रहती हैं।

काश्यप ने बताया कि आगामी चार-छह महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गों का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से पास बाजार के बीच सीसी रोड बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गों का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है। ईश्वर नगर के फाटक पर अंडरब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। आरंभ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़, मनोज झालानी, रमेश कटारिया सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार ने किया। आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह भाटी ने माना। लोकार्पण समारोह में पटेल कालोनी मित्र मंडल, कलीमी कालोनी मित्र मंडल व गोपाल गोशाला कालोनी के निवासियों ने विकास कार्यों के लिए विधायक काश्यप का स्वागत किया।



गोपाल गोशाला कालोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। ● नईदुनिया

7-5-22

## विधायक ने किया उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

रतलाम। वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है। श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गो का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गो का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है। ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है ,जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठारी,पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी,मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़,मनोज झालानी,रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार व आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह भाटी ने माना। पटेल कॉलोनी मित्र मंडल, कलीमी कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने विधायक काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया।

## विश्व रेडक्रॉस डे रक्तदान दिवस के रूप में मनाएंगे

रतलाम। प्रतिवर्षानुसार पूरे विश्व में रेडक्रॉस दिवस 8 मई को मनाया जाएगा। रतलाम में यह अवसर रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर 8 मई को प्रात: 9.30 बजे जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रथम माले पर ट्रामा सेंटर के सामने आयोजित किया जाएगा। रेडक्रॉस के अध्यक्ष व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, प्रान्त प्रबन्ध समिति सदस्य महेन्द्र गादिया व अपर कलेक्टर एवं सचिव एमएल आर्य, सीएमएचओ डॉ. ननावरे, सिविल सर्जन डॉ. आनन्द चन्देलकर ने रक्तदान का आव्हान किया है तथा सभी सामाजिक संस्थाओं से सक्रीय भागीदारी की अपेक्षा की गई है।

## नाबालिग अगवा

रतलाम। नाबालिक के अगुवा होने के मामले में पुलिस माणकचौक ने केस दर्ज किया है। बालिका घर पर थी कि 4 मई को अज्ञात व्यक्ति उसे ले गया। इसके अलावा रावटी पुलिस ने भी संदेही के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि संदेही युवक उसे बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है।

## पानी टंकी के नीचे जुआ- सात धराए

रतलाम। माणकचौक पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा युवकों को पकड़ा। नगदी के अलावा ताशपत्ते जब्त किए है। माणकचौक थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शांतिनगर पानी की टंकी के नीचे कुछ युवक जुआ खेल रहे है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंची तो कुछ युवक पानी की टंकी के नीचे बैठे दिखाए दिए। पुलिस ने घेराबंदी कर जुआ खेल रहे युवकों को रंगेहाथ पकड लिया। इनके पास से नकदी पांच हजार दो सौ पचास रुपए के अलावा ताशपत्ते जब्त किए। पुलिस थाना माणकचौक ने संदीप सहित छह अन्य के खिलाफ अपराध कायम किया है।

# बाजार क्षैत्र में तेजी से शुरु होगा सड़कों का निर्माण कार्य

रतलाम, संवाददाता द्वारा। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुगम यातायात के लिए अब बाजार क्षैत्र में सड़क निर्माण कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। इस सबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है। संभव है अगले कुछ दिनों में नौलाईपुरा के अलावा कुछ और मार्गो पर भी सड़क निर्माण कार्य शुरु हो सकता है। शहर की सड़को की हालत को लेकर लगातार सवाल उठते रहे है। लेकिन अब इस ओर तेजी से कार्य शुरु होने जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि बाजार क्षैत्र में अगले दो-चार दिनों में नई सड़कों का कार्य शुरु हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

अतिक्रमण पर भी हो सकती है कार्रवाई- सूत्रों की माने तो यातायात सुधार के लिए सब्जी विक्रेताओं और ठेलों को हटाने की कार्रवाई के बाद अब दुकानों के स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी प्रशासन स त कार्रवाई कर सकता है। यातायात सुधार की दृष्टि से बाजार क्षैत्र में जल्द कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

**शहर का ट्रैफिक सुधरा** • समस्या यह कि फल-सब्जी वालों के लिए सिर्फ 4 जगह ही तय, वह भी हैं काफी दूर

# सिविक सेंटर, आंबेडकर ग्राउंड, 80 फीट रोड, जैन स्कूल के पीछे सब्जी मंडी की जरूरत, यहां सरकारी जमीन भी है खाली

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में 4 स्थान पर फल-सब्जी मंडी लग रही हैं। ट्रैफिक सुधार के लिए यह कवायद की है, उसका परिणाम नजर आ रहा है। परेशानी सामने आ रही है, कई लोगों के घरों से मंडी दूर है। अब सिविक सेंटर, आंबेडकर ग्राउंड, 80 फीट रोड और जैन स्कूल के पीछे मंडी लगाई जाना चाहिए। यहां सरकारी जमीन है, ट्रैफिक लोड कम है। 50 से ज्यादा कॉलोनियों के हजारों लोगों को दूर नहीं जाना होगा। दैनिक भास्कर ने शहर की सड़कों पर लगने वाली फल-सब्जी की दुकानें कहां लगा सकते है, इसे लेकर सुझाव मांगे थे। इस पर शहरवासियों ने सबसे ज्यादा इन जगहों के लिए ही अपना मत दिया है।

## ये मिले सुझाव : पाठकों ने बताए शहर के टॉप-4 स्थान, ये सही भी क्योंकि... जगह खाली है

### 1. राजीव गांधी सिविक सेंटर

**स्थिति** - परिसर में दुकानें बंद हैं। खंडहर हो रहा है। बरामदे में सब्जी विक्रेताओं को जगह दी जा सकती है। पार्किंग की जगह है।

**फायदा** - इससे शास्त्री नगर से लेकर काटजूनगर, शहर सराय तक के लोगों को फायदा होगा।

### 2. 80 फीट रोड

7-5-22

**स्थिति** - रोड चौड़ी है, आसपास अच्छी जगह मौजूद है। ट्रैफिक कम है।

**फायदा** - मंडी से ट्रैफिक बाधित नहीं होगा। अलकापुरी, कस्तूरबा नगर से लेकर बरबड़ क्षेत्र के लोगों को फायदा। कई लोग सुबह आते हैं, वे आसानी से खरीदी कर सकते हैं।

### 3. जैन स्कूल के पीछे

**स्थिति** - यहां पर्याप्त जगह है।

**फायदा** - ट्रैफिक लोड कम है। बाजना, रावटी से आने वाले किसान बैठ सकते हैं। गोशाला रोड, टाटा नगर, हाट की चौकी सहित अन्य इलाकों के लोगों को फायदा होगा।

### 4. आंबेडकर ग्राउंड

**स्थिति** - वर्तमान में यहां पर जगह खाली है। बाउंड्रीवॉल के बाहर कुछ दुकानें लगती हैं।

**फायदा** - यहां सब्जी की दुकानें पहले से लगती आई हैं। महू रोड से लेकर आनंद कॉलोनी, दो बत्ती, टीआईटी रोड, गीतामंदर के लोगों को फायदा।

- दो बत्ती के लिए आंबेडकर भवन मैदान व राम मंदिर के लिए विनोबा नगर, 80 फीट रोड पर स्थान दें। - *दीपक ओरी, जवाहर नगर*
- राजीव गांधी सिविक सेंटर बंद हैं, यहां मार्केट बन सकता है। आजाद चौक में जगह दे सकते हैं। - *संजीव सनवाल, लोकेंद्र कंपाउंड*
- कस्तूरबा नगर गली नं. 7 में जगह है। ट्रैफिक बाधित नहीं होगा। - *संदीप चंद्र भंडारी, सहकारी बैंक कॉलोनी*
- रामगढ़ चौड़ावास में सिंगल पट्टी पर दुकानें लगाई जा सकती हैं। - *हितेश शर्मा, तेजा नगर*
- प्रताप नगर ओवर ब्रिज के जगह। - *नीतेश गुप्ता, प्रताप नगर*
- सागोद रोड जैन स्कूल के पीछे। - *भगवतीलाल सोनी, टाटा नगर*
- बुद्धेश्वर रोड जैन मंदिर के यहां बैठाया जा सकता है। - *राजेंद्र बोहरा, गोपाल गोशाला कॉलोनी*
- लोकेंद्र भवन के सामने पुरानी सब्जी मंडी दोबारा शुरू की जा सकती है। - *अहमद मेव, फ्रीगंज*
- सिविक सेंटर अच्छी जगह है, शहर की जनसंख्या के हिसाब से 10 से ज्यादा केंद्र होना चाहिए। - *दीपक आइलदासानी, शास्त्री नगर*

### भास्कर के पाठकों के सुझाव पर अधिकारी बोले : सभी जगह का करेंगे मौका-मुआयना

*हमारी कोशिश है लोगों की सुविधा अनुसार ही काम किया जाए। लोगों ने जो सुझाव दिए हैं, उन पर विचार-विमर्श किया जाएगा। हम मौके पर जगह देखेंगे। इसके बाद फैसला लेंगे।*
**सुरेशचंद्र व्यास**, सिटी इंजीनियर, नगर निगम

### घर तक कैसे पहुंचे सुलभ तरीके से सब्जी, दें सुझाव

शहर का ट्रैफिक सुधारने प्रशासन अच्छी पहल कर रहा है। वह ट्रैफिक सुधार के साथ शहरवासियों को उनके क्षेत्र में सब्जी मिले इसके प्रयास कर रहा है। पाठक सुझाव दे सकते हैं जिससे शहर में ऐसी सब्जी वितरण व्यवस्था स्थापित हो जो अन्य शहरों के लिए उदाहरण बने। जिससे कि जैसे घर पहुंच दूध वितरण व्यवस्था सुचारू है ऐसी ही सब्जी व्यवस्था का स्थाई हल निकल सकें।

**बनिए भास्कर के जागरूक पाठक** - शहर की सड़कों पर लगने वाली सब्जी मंडी कहां लगा सकते हैं हमें निम्न नंबर पर अपने सुझाव भेजें। वॉट्सएप नं.- 8718011113

### घास बाजार के फल विक्रेता बोले - सही जगह दी जाए -

इधर, घास बाजार के फल विक्रेता अशोक बोरीवाल, रमजानी, महबूब, बिलाल सैयद, राकेश बामनिया, इम्तियाज खान ने बताया करीब 20 लोग 33 सालों से घास बाजार में व्यापार कर रहे हैं। अब 6 दिन से परेशानी है। सही जगह दी जाए, ताकि रोजगार कर सकें। सिविक सेंटर और आंबेडकर भवन में जगह दी जा सकती है।

# फूड जंक्शन के टेंडर जारी, एक साल में बन जाएगा

## विकास को मिलेंगे नए आयाम • गुड़गांव के सायबर हब की तर्ज पर बनेगा दो मंजिला जंक्शन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में खुले परिसर में बैठकर खानपान, गीत-संगीत का आनंद लेने के लिए बनने वाले फूड जंक्शन की योजना एक साल में आकार ले लेगी। पुरानी सब्जी मंडी व पोलोग्राउंड से सटी 222103 वर्गफीट जमीन पर गुड़गांव के सायबर हब की तर्ज पर बनने वाले दो मंजिला फूड जंक्शन के लिए शुक्रवार को नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिए।

मालूम हो कि इंदौर में 56 दुकान की तर्ज पर शहर में एक स्थान बनाने के लिए तीन माह से कवायद चल रही थी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पोलोग्राउंड के समीप की भूमि का चयन करने के बाद शहर विधायक चेतन्य काश्यप के सुझावों को शामिल कर प्रोजेक्ट तैयार करवाया। भोपाल में नगरीय प्रशासन विकास विभाग को प्रोजेक्ट तकनीकी स्वीकृति के लिए भेजने के बाद लागत और क्रियान्वयन को लेकर कई जानकारियां मांगी गई जिसे पूरा करने के बाद गत माह तकनीकी स्वीकृति मिल गई। इसके बाद निगम ने टेंडर की प्रक्रिया शुरू की।



लोकेंद्र भवन मार्ग पर प्रस्तावित फूड जंक्शन इस तरह का बनेगा। •नईदुनिया

फूड जंक्शन में एस्कलेटर, सुविधापूर्ण बैठक व्यवस्था व शेष खुले परिसर में मुक्ताकाशी मंच बनेगा, जहां छोटे स्तर पर गीत-संगीत सहित काव्य पाठ आदि कार्यक्रम हो सकेंगे। फूड जंक्शन के लिए नगर निगम ने करीब 10 करोड़ रुपये की लागत तय की थी। निगम से तय इंदौर के नाइन आर्किटेक्ट ने प्रारंभिक स्वरूप में सभी जरूरी सुविधाओं को दर्शाते हुए नक्शा बनाया। कुछ संशोधन के बाद 13.01 करोड़ रुपये की लागत का प्रस्ताव बनाया गया। अब प्रक्रिया 17 दिन में पूरी कर 23 मई को टेंडर खोले जाएंगे। सबकुछ समय पर रहा तो जून के पहले पखवाड़े में काम शुरू हो जाएगा। सफल फर्म को वर्क आर्डर मिलने के बाद एक साल की समयावधि में काम पूरा करना होगा। इस साल ट्रांसपोर्ट नगर के बाद यह शहर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने वाली यह दूसरी सौगात रहेगी।

### 53 दुकानों को हटाने की भी तैयारी

फूड जंक्शन के लिए स्टेडियम मार्केट की 53 दुकानों को भी हटाया जाना है। इसमें से कुछ दुकानदार न्यायालय में भी गए थे। वैधानिक स्थिति परखने के साथ ही निगम यहां कार्रवाई कर दुकानें खाली करवाएगा। इनमें से कई दुकानदार ऐसे है जिनके नाम निगम रिकार्ड में नहीं है।

### इस तरह बनेंगी दुकानें

फूड जंक्शन में तीन श्रेणियों में दुकानें होंगी। इसमें ए श्रेणी की 15 दुकानें 200 से 220 वर्गफीट, बी श्रेणी की 13 दुकानें 290 से 300 वर्गफीट व सी श्रेणी की 13 दुकानें 350 से 370 वर्गफीट की रहेंगी। कुल 41 दुकानें दो मंजिला भवन में होंगी। 222103 वर्गफीट के परिसर में 24830 वर्गफीट का एरिया स्लैब का रहेगा।

# सब्जी-फल विक्रेता कांग्रेस के साथ कलेक्टर से मिले



रतलाम | फल और सब्जी विक्रेता शुक्रवार को शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया और प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के पास पहुंचे। उनकी मांग थी कि त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाए ऐसे मार्ग जहां यातायात का दबाव कम है, वहां विक्रय अनुमति दी जाए। विक्रेताओं ने रामगढ़, ईदगाह रोड, आंबेडकर सर्कल सहित अन्य स्थान के बारे में बताया।

**माईजी के मठ पहुंची प्रशासन की टीम**, - शुक्रवार को माईजी का मठ में प्रशासन की टीम पहुंची। यहां सब्जी मंडी लगाने को लेकर जगह खाली करवा रही थी। प्रकाश मजावदिया ने बताया प्रशासन जमीन पर सब्जी मंडी लगाने की बात कर रहा है, इस जमीन को लेकर हाईकोर्ट का आदेश आ चुका है। ऐसे में सब्जी मंडी कैसे लगा सकते हैं। प्रशासन की टीम को आदेश की कॉपी दी है। यह जमीन निजी है।

# कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा

**वैध कॉलोनियों की संख्या में हुई इवृद्धि, विगत 1 वर्ष में शासन को हुई 7 करोड रुपए से ज्यादा की राजस्व आय**

रतलाम 06 मई 2022/ कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वही शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी।



कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं।

विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

तेज ए 7-5-22

# एक हफ्ते में अगर पानी की व्यवस्था नही सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव - भाजपा पूर्व पार्षद सीमा टांक

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। वार्ड 8 में जनता को पीने का पानी नही मिलने से पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम को दी चेतावनी 8 दिन में व्यवस्था नही सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव किया जाएगा। वार्ड 8 में केवल 20 मिनिट पानी आता उसमे भी 4 से 5 दिन में नल आ रहे पानी को लेकर पूरे वार्ड में अफरा तफरी मची है और हर व्यक्ति पानी को लेकर परेशान हो रहा है जहा नगर निगम रोज पानी देने का दावा कर रही थी वो एक दिन छोड़कर भी लोगो को तय समय जितना भी पानी नही दे पा रही । निगम अधिकारियों द्वारा बहानेबाजी बनाई जा रही है । वार्ड नंबर 8 में 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज जिससे कई हजारों गेलन पानी बह रहा है । अगर एक वार्ड में 28 लीकेज हैं तो पूरे शहर में कितने होंगे और अगर लीकेज धोलावाड़ तक देख लिया जाए उसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है... । सीमा टाक ने निगम अधिकारियों हनिफ शेख, भैया लालजी चौधरी, नीरज यादव, को वार्ड में बुलाकर लीकेज बताये व पानी की स्थिति से जनता से रूबरू करवाय । इस दौरान वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सब्जी और फ्रूट विक्रेता अपना मांगा का लकर शहर कांग्रेस के नेतृत्व मे कलेक्टर को दिया ज्ञापन

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख मार्गो से सब्जी और फ्रूट विक्रेताओं को हटाकर अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा है ऐसी स्थिति में गरीब सब्जियों फल विक्रेताओं के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है । सैकड़ों की तादाद में फल और सब्जी विक्रेताओं ने आज शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में जिलाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। गरीब व्यापारियों की मांग थी त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाय शहर में अन्य जो मार्ग है जहां यातायात नहीं है उन स्थानों पर उनको विक्रय करने की अनुमति दी जाए स्थानों पर पूरी व्यवस्था की जाए । फल विक्रेताओं मांग की गई है रामगढ़ ,ईदगाह रोड ,अंबेडकर सर्कल वह अन्य स्थान जहां ट्रैफिक नहीं है वहां उन्हें व्यवसाय करने दिया जाए ज्ञापन लेकर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है । जिलाधीश ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई अभी सब्जी व फल विक्रेताओं के साथ नहीं की जाए।



तेज ए. 7-5

# एक हफ्ते में अगर पानी की व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव




**स्वतंत्र समय, रतलाम।** 7-5-22

वार्ड 8 में जनता को पीने का पानी नही मिलने से पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम को दी चेतावनी 8 दिन में व्यवस्था नही सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव किया जाएगा। वार्ड 8 में केवल 20 मिनिट पानी आता उसमे भी 4 से 5 दिन में नल आ रहे पानी को लेकर पूरे वार्ड में अफरा तफरी मची है और हर व्यक्ति पानी को लेकर परेशान हो रहा है जहा नगर निगम रोज पानी देने का दावा कर रही थी वो एक दिन छोड़कर भी लोगो को तय समय जितना भी पानी नही दे पा रही निगम अधिकारियों द्वारा बहानेबाजी बनाई जा रही है। वार्ड नंबर 8 में 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज जिससे कई हजारों गेलन पानी बह रहा है। अगर एक वार्ड में 28 लीकेज हैं तो पूरे शहर में कितने होंगे और अगर लीकेज धोलावाड़ तक देख लिया जाए उसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। सीमा टांक ने निगम अधिकारियों हनिफ शेख, भैया लालजी चौधरी, नीरज यादव, को वार्ड में बुलाकर लीकेज बताये व पानी की स्थिति से जनता से रूबरू करवाया। इस दौरान वार्ड के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वतंत्र एलान



# विधायक काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

स्वतंत्र एलान 7-5

## आमजन से किया जनभागीदारी का आव्हान

रतलाम › वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ7 इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है 7

श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गो का नवनिर्माण होगा 7 आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है 7 कालोनियों के आंतरिक मार्गो का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा 7गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है 7 ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गेया है ,जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है 7 श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यो के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया 7 आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया7 इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठारी,पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी,मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़,मनोज झालानी,रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे 7 संचालन नंदकिशोर पवार ने किया7 आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना7 लोकार्पण समारोह में पटेल कॉलोनी मित्र मंडल, कलीमी कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने विकास कार्यों के लिए विधायक श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया7

# विधायक काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

## आमजन से किया जनभागीदारी का आह्वान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है। 7-5-22

श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गो का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गों का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गौशाला कॉलोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है। ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यो के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठारी, पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़, मनोज झालानी,रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार ने किया। आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना। लोकार्पण समारोह में पटेल कॉलोनी मित्र मंडल, कलीमी कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने विकास कार्यो के लिए विधायक श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया।

# कालोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

## कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश

रतलाम। जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रियां पूर्ण कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी। 7-5-22

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी है। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। अपनी दुनिया

# मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई



रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है। 7-5

# फल विक्रेताओं को त्रिपोलिया गेट पर विस्थापित किया जाए

7-5

रतलाम ● भाजपा आईटी सेल के पूर्व जिला संयोजक अनिल कटारिया ने जिलाधीश से निवेदन किया है कि बाजार क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से सब्जी एवं फल विक्रेताओं को त्रिवेणी श्मशान रोड पर बनाई। सब्जी मंडी पर स्थांतरित किया गया हैं, लेकिन उक्त सब्जी मंडी में विक्रेताओं की अधिक संख्या होने के कारण जगह की कमी नजर आती है। गौरतलब है कि सब्जी एवं फल विक्रेताओं में से फल विक्रेताओं को त्रिपोलिया गेट पर बने स्थायी प्लेटफार्म पर विस्थापित करने से उक्त समस्या का समाधान हो सकता है तथा वहीं पर निर्मित प्लेटफार्म के पीछे स्थित कोटा वाला बाग कॉलोनी के मकान मालिकों द्वारा भी कॉलोनी के मुख्य मार्ग के विपरीत दिशा में 10 से 15 फीट का अतिरिक्त अवैध निर्माण किया गया हैं।

# 453 उचित मूल्य की दुकानों पर आज से अन्न महोत्सव

7-5

रतलाम ● आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में 7 मई को सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को निर्देशित किया कि सभी उचित मूल्य दुकानों पर आवंटन अनुसार खाद्यान्न का प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। जिले की 453 उचित मूल्य दुकानों पर 7 मई को स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सतर्कता समिति के सदस्यों की उपस्थिति में अन्न उत्सव आयोजित किया जाएगा तथा 69 उचित मूल्य दुकानों पर 8 मई को अन्न उत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत माह अप्रैल के शेष रहे पात्र परिवारों को रियायती दर पर नियमित एवं 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' का नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा एवं माह मई का नियमित राशन भी वितरण किया जाएगा। अन्न उत्सव के पर्यवेक्षण हेतु प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों से फीडबैक फार्म भी भरवाए जाएंगे। जिले में उक्त आयोजन की मॉनिटरिंग हेतु सहायक संचालक विनोद कुमार चौहान, खाद्य संचालनालय भोपाल को नियुक्त किया गया है। उपभोक्ताओं को राशन प्राप्त करने में कोई कठिनाई अथवा समस्या हो तो जिला स्तरीय पीडीएस नियंत्रण कक्ष के दूरभाष 07412-270414 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

शहर में फल सब्जी बिक्री की नई व्यवस्था लागू

# शहर में 4 स्थानों पर शुरू हुई फल और सब्जी विक्रय की व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में खाली हुई सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरी





**रतलाम।** शहर में फल और सब्जी विक्रय की नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। शहर में आज से सड़क किनारे और फुटपाथ पर बैठकर फल सब्जी का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि नई व्यवस्था को लेकर फल सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी थी और जिसके विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी मंडी और विधायक आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। लेकिन आज से शहर में लागू की गई नई व्यवस्था में 272 से अधिक फल सब्जी विक्रेताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर नगर निगम की नई व्यवस्था में सहयोग किया है। शहर में सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, कल्याण नगर त्रिवेणी रोड, विनोबा नगर ग्रीड के पास एवं साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए मंडिया शुरू की गई है।

दरअसल शहर के बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर फल सब्जी बेचने वालों की वजह से सड़कों पर जाम लगने और ट्रैफिक व्यवस्था बढ़ने की समस्या हो रही थी। जिसके लिए शहर की सड़कों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले रिटेल सब्जी विक्रेताओं को शहर में 4 स्थानों पर प्लॉट देकर नई व्यवस्था आज से लागू की गई है। जिसे लेकर फल सब्जी विक्रेताओं ने नाराजगी भी व्यक्ति की थी लेकिन आज से शुरू हुई व्यवस्था से बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं, चारों स्थानों पर सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें भी रजिस्ट्रेशन करवाकर लगाई है। नई व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी अभिषेक तिवारी भी पहुंचे। जहां दुकानदारों के लिए है पीने की पानी की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं करने के निर्देश कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम ने चारों स्थान पर काउंटर खोले हैं। जहां वह रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी दुकान लगा सकेंगे।

अपनी दुनिया 7-5-22

# विधायक काश्यप के प्रयासों से मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल



रतलाम। शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक मा. श्री चेतन्य काश्यप जी के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है। सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पन्न किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप में उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहितं, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की रही। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय प्रकाश बंशीवाल, विवेक शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय धर्मेन्द्र देवड़ा, श्रीमती अनिता कटारा, अम्बेडकर मंडल महामंत्री विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, पवन सोमानी, बलवीर सिंह सोढ़ी, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेतन टाक, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी तन्मय त्रिवेदी, जयेश वसावा, संजय पांण्ड़े, राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती शांति पाटीदार, श्रीमती आशा पाटीदार, आशिष चौहान, करण ठाकुर, प्रवीण सीरवी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती सुलोचना चौहान, प्रदुम्न पुरोहित, राजु पहाड़ीया, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख एवं भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

# विधायक काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ7 इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है ।

श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गो का नवनिर्माण होगा । आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है 7 कालोनियों के आंतरिक मार्गो का भी इसी तरह निर्माण किया



जाएगा । गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है । ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है ,जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है । श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया । आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष, जयवन्त कोठारी,पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी,मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़,मनोज झालानी,रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । संचालन नंदकिशोर पवार ने किया। आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना। लोकार्पण समारोह में पटेल कॉलोनी मित्र मंडल, कलीमी कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने विकास कार्यो के लिए विधायक श्री काश्यप का स्वागत अभिनंदन किया ।

तेज एक्सप्रेस 7-5-22

---

## शहर में फल-सब्जी बिक्री की नई व्यवस्था लागू

# शहर में 4 स्थानों पर शुरू हुई फल और सब्जी विक्रय की व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में खाली हुई सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरी

6-5

रतलाम, संवाददाता द्वारा। रतलाम शहर में फल और सब्जी विक्रय की नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। शहर में आज से सड़क किनारे और फुटपाथ पर बैठकर फल सब्जी का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि नई व्यवस्था को लेकर फल सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी थी और जिसके विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी मंडी और विधायक आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। लेकिन आज से शहर में लागू की गई नई व्यवस्था में 272 से अधिक फल सब्जी विक्रेताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर नगर निगम की नई व्यवस्था में सहयोग किया है। शहर में सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, कल्याण नगर त्रिवेणी रोड, विनोबा नगर ग्रीड के पास एवं साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए मंडिया शुरू की गई है ।



दरअसल शहर के बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर फल सब्जी बेचने वालों की वजह से सड़कों पर जाम लगने और ट्रैफिक व्यवस्था बढ़ाने की समस्या हो रही थी। जिसके लिए शहर की सड़कों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले रिटेल सब्जी विक्रेताओं को शहर में 4 स्थानों पर प्लॉट देकर नई व्यवस्था आज से लागू की गई है। जिसे लेकर फल सब्जी विक्रेताओं ने नाराजगी भी व्यक्ति की थी लेकिन आज से शुरू हुई व्यवस्था से बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं, चारों स्थानों पर सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें भी रजिस्ट्रेशन करवाकर लगाई है। नई व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी अभिषेक तिवारी भी पहुंचे। जहां दुकानदारों के लिए है पीने की पानी की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं करने के निर्देश कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम ने चारों स्थान पर काउंटर खोले हैं। जहां वह रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी दुकान लगा सकेंगे।

# ढिलाई बरतने पर कार्तिकेयन कंस्ट्रक्शन के विरुद्ध एक लाख रुपए पेनल्टी



रतलाम । कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने रविवार को सिविक सेंटर सभागृह में नगर निगम द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कार्यों में देरी, समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने पर ठेकेदारों को फटकार लगाई। हद से भी ज्यादा ढिलाई बरतने पर ठेकेदार अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन राहुल पाटीदार को 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन चंदन ठेकेदार पर 1 लाख रूपए की पेनल्टी लगाई। कलेक्टर द्वारा नगर निगम के इंजीनियर्स द्वारा ढीली-ढाली मॉनिटरिंग पर भी सख्त नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री मोहम्मद हनीफ शेख, श्री सुरेश व्यास तथा ठेकेदार आदि उपस्थित थे।

रतलाम आजतक 5-5

बताया गया कि ठेकेदार अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन द्वारा सेठजी का बाजार में सीसी रोड, नाली, पेवर ब्लॉक इत्यादि 50 लॉख रुपए लागत के निर्माण कार्यों में अत्याधिक देरी की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि अनावश्यक देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ठेकेदार को 5 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। यह ठेकेदार मात्र नगर निगम ही नहीं बल्कि अन्य विभागों में भी कार्य नहीं कर पाएगा। इसी प्रकार कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन द्वारा भी कार्य नहीं करने पर उसके विरुद्ध 1 लाख रुपये का पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निगमायुक्त को स्पष्ट निर्देश दिए कि ठेकेदार की क्षमता के अनुसार कार्य दिया जाए। यदि वह कार्य नहीं कर पाता है तो शहर का नुकसान होता है। बाजार क्षेत्र में कार्यों में देरी से व्यापारी परेशान होते हैं। समीक्षा में देखने में आया कि कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन का टर्नओवर 70 लॉख रुपए का है परंतु उसके पास 2 करोड़ रुपए के कार्य हैं। उसकी क्षमता से ज्यादा कार्य उसको दिए गए हैं। कलेक्टर ने यह भी कहा कि ठेकेदार द्वारा टेंडर होते ही कार्य शुरू कर देना चाहिए, अनुबंध के चक्कर में अनावश्यक रूप से देरी नहीं की जाए।

समीक्षा के दौरान ठेकेदार द्वारा बताया गया कि शहर में सड़क निर्माण के दौरान ट्रैफिक संबंधी समस्या आने से उसके कार्य में देरी हुई है। इस पर कलेक्टर द्वारा कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि उनको नियोजित ढंग से कार्य करना आना चाहिए। यदि ट्रैफिक की समस्या है तो ट्रैफिक डीएसपी के साथ समन्वय रखकर नियोजित ढंग से योजना तैयार की जाना चाहिए। जरूरत पड़ने पर रात्रि में भी कार्य किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने ठेकेदारों को स्पष्ट कहा कि वे अपनी क्षमता अनुसार ही काम का ठेका ले। कार्तिकेय कंस्ट्रक्शन कहा कि जब आपके द्वारा अधिक कार्य कर पाना संभव नहीं है तो ठेका क्यों लिया है। इस दौरान कलेक्टर द्वारा जीतश्री एंड छाजेड़ कंस्ट्रक्शन द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर उसकी सराहना भी की गई।

कलेक्टर ने सभी इंजीनियर को भी निर्देशित किया कि लापरवाही बंद करें। समय सीमा में काम पूर्ण करने का ख्याल रखें। इसके साथ ही ठेकेदारों द्वारा कंस्ट्रक्शन सामग्री की बढ़ती कीमतों का ध्यान आकर्षित करने पर कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को एस्टीमेट पुनरीक्षित करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्वच्छता अभियान की भी समीक्षा की। नागरिक फीडबैक के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा शहर में पेयजल व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निगमायुक्त श्री सोमनाथ झरिया द्वारा कार्य प्रगति की जानकारी में बताया गया कि सुयोग परिसर में पीएमवाय बिल्डिंग मुखर्जी नगर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी प्रकार पद्मश्री बार सैलाना रोड से कस्तूरबा नगर गली नंबर 6 तक सीसी निर्माण और यू शेप ड्रेन निर्माण पूरा कर लिया गया है।

अन्य पूर्ण कार्यों में मॉर्निंग स्टार स्कूल से टैंकर रोड तक सीसी सड़क, रॉकेट लॉन्ड्री से आरोग्य हनुमान मंदिर तक सीसी सड़क निर्माण, इंद्रलोक नगर मेन रोड पर डामरीकरण, डोंगरे नगर पानी की टंकी के पास सीसी और यू शेप ड्रेन निर्माण, अंबे माता चौक से राधा कृष्ण मंदिर होते हुए साईं बिल्डिंग तक डामरीकरण सड़क निर्माण तथा चांदमारी से रेलवे हॉस्पिटल तक डामरीकरण कार्य शामिल है।

# फल विक्रेताओं को त्रिपोलिया गेट स्थित प्लेटफार्म पर विस्थापित की जाए

रतलाम। जिलाधीश से प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा भाजपा आईटी सेल के पूर्व जिला संयोजक अनिल कटारिया ने निवेदन किया है, की बाजार क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से सब्जी एवं फल विक्रेताओं को त्रिवेणी श्मसान रोड़ पर बनाई सब्जी मंडी पर स्थानांतरित किया गया हैं, लेकिन उक्त सब्जी मंडी में विक्रेताओं की अधिक संख्या होने के कारण जगह की कमी नजर आती है। समाचार 7-5-

गौरतलब है, की सब्जी एवं फल विक्रेताओं में से फल विक्रेताओं को त्रिपोलिया गेट पर बने स्थाई प्लेटफार्म पर विस्थापित करने से उक्त समस्या का समाधान हो सकता है, तथा वही पर निर्मित प्लेटफार्म के पीछे स्थित कोटा वाला बाग कालोनी के मकान मालिकों द्वारा भी कॉलोनी के मुख्य मार्ग के विपरीत दिशा में 10 से 15 फिट का अतिरिक्त अवैध निर्माण किया गया हैं,इस अवैध अतिक्रमण को हटाने से भी वहा पर आवश्यक जगह की उपलब्धता हो सकती है।जिससे सभी फल विक्रताओं को एक साथ एक ही स्थान पर विस्थापित किया जा सकता है। अतः निवेदन है, की उक्त स्थान को अतिक्रमण मुक्त करते हुए सभी फल विक्रेताओं को उक्त स्थान पर विस्थापित किया जाए,तथा यह स्थान आम नागरिकों एवं विक्रेताओं के लिए भी सुलभ होगा।

# एक हफ्ते में अगर पानी की व्यवस्था नहीं सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव : सीमा टांक

अवन्तिका 7-5-22

रतलाम। वार्ड 8 में जनता को पीने का पानी नही मिलने से पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम को दी चेतावनी 8 दिन में व्यवस्था नही सुधरी तो होगा निगम कमिश्नर का घेराव किया जाएगा। वार्ड 8 में केवल 20 मिनिट पानी आता उसमे भी 4 से 5 दिन में नल आ रहे पानी को लेकर पूरे वार्ड में अफरा तफरी मची है और हर व्यक्ति पानी को लेकर परेशान हो रहा है जहा नगर निगम रोज पानी देने का दावा कर रही थी वो एक दिन छोड़कर भी लोगो को तय समय जितना भी पानी नही दे पा रही व निगम अधिकारियों द्वारा बहानेबाजी बनाई जा रही है।वार्ड नंबर 8 में 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज जिससे कई हजारों गेलन पानी बह रहा है । अगर एक वार्ड में 28 लीकेज हैं तो पूरे शहर में कितने होंगे और अगर लीकेज धोलावाड़ तक देख लिया जाए उसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। सीमा टांक ने निगम अधिकारियों को वार्ड में बुलाकर लीकेज बताये व पानी की स्थिति से जनता से रूबरू करवाया।


# ज़ोन कार्यालय तोड़ा, रिटेनिंग वॉल, शॉपिंग एरिया, टॉयलेट ब्लॉक का ले-आउट डाला

## विकास कार्य : प्राचीन अमृत सागर तालाब का सौंदर्यीकरण शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

7-5-22

उद्घाटन के 15 दिन बाद शुक्रवार से अमृत सागर तालाब और उसके आसपास की सूरत बदलने की शुरुआत हो गई है। सबसे पहले एडमिन ब्लॉक का निर्माण होगा। यह सफाई के जोन कार्यालय की जगह बनेगा। पुराने जोन कार्यालय को तोड़ दिया है। एडमिन ब्लॉक जी प्लस वन का बनेगा, इसमें नीचे टिकट काउंटर व अन्य ऑफिस तथा ऊपरी मंजिल पर जोन कार्यालय लगाया जाएगा। इसके अलावा इंजीनियरों ने श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर की तरफ बनने वाली रिटेनिंग वॉल, त्रिपोलिया गेट की तरफ दुकानों वाले शॉपिंग एरिया और दोनों तरफ के टॉयलेट ब्लॉक के साथ नालों को डायवर्ट करने के प्लान का ले-आउट डाल दिया है। ठेकेदार कंपनी को तेजी से काम करने की चेतावनी दी है। निगम इंजीनियर रोज मॉनिटरिंग करेंगे। झील संरक्षण योजना के तहत प्रोजेक्ट पर 22.84 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें से 12.43 करोड़ रुपए से होने वाले सौंदर्यीकरण और मूलभूत विकास कार्यों का शुभारंभ विधायक चेतन्य काश्यप ने 22 अप्रैल को किया था, अब तक काम चालू नहीं हो पाया था। गुरुवार को विधायक काश्यप ने इस संबंध में निगम इंजीनियरों से सवाल तलब किए, तो शुक्रवार से ठेकेदार की मशीनें चलने लगी।



तालाब किनारे बने जोन कार्यालय को तोड़ती जेसीबी।

### ऐसे बदलेगी तालाब की सूरत

- एंटरेंस गेटवे, पेरिफेरल रोड, फुटपाथ, पार्किंग एरिया, दुकानें, गजिबो, साइट डेवलपमेंट रेस्ड गार्डन, आरसीसी रिटेनिंग वॉल आदि 4.41 करोड़ से बनेंगे।
- पेरिफेरल सेनिटेशन एवं वाटर सप्लाई, दो-टायलेट ब्लॉक, इलेक्ट्रिक कनेक्शन,
- सीसीटीवी, सब स्टेशन आदि पर 2.37 करोड़ खर्च आएगा।
- गंदा पानी रोकने कंसन्ट्रेटेड वेटलैंड, नाले को डायवर्ट करने पर 2.719 करोड़ रुपए लगेंगे।
- तालाब पाल की स्टोन पिचिंग एवं गैबियन वॉल का निर्माण 1.105 करोड़ से होगा।
- तालाब की बाउंड्रीवाल 1.462 करोड़ में बनेगी।
- वॉच टॉवर एवं एडमिन ऑफिस पर 35.60 लाख लगेंगे।

**साढ़े चार माह में साफ नहीं हो पाई जलकुंभी** - 0.18 वर्ग किमी में फैले प्राचीन अमृत सागर तालाब में से जलकुंभी निकालने का काम दिसंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू हुआ था। साढ़े चाह माह में 45 प्रतिशत जलकुंभी ही साफ हो पाई है।

**इंजीनियरों ने किया निरीक्षण** - शुक्रवार आयुक्त सोमनाथ झारिया ने इंजीनियरों की टीम को मौके पर भेजा। दोपहर सिटी इंजीनियर रामबाबू शर्मा, सहायक उपयंत्री अनवर कुरैशी, इंजीनियर राजेश पाटीदार आदि ने निरीक्षण किया।

*अमृत सागर तालाब शहर की प्रमुख वाटर बॉडी है, जो दुर्दशा का शिका था। काम शुरू हो चुका है, 2023 तक इसकी तस्वीर बदल जाएगी। कोशिश इसे टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने की है। - चेतन्य काश्यप, विधाय*

## अवैध कॉलोनियों पर एक्शन से सालभर में 7 करोड़ का राजस्व मिला

**रतलाम** | जिले में अवैध कालोनियों के खिलाफ की कार्रवाई से सालभर में प्रशासन को विभिन्न शुल्क के रूप में 7.04 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। कॉलोनी सेल के अनुसार 5 मई 2021 से लेकर अब तक सर्वाधिक आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। इसमें नगर निगम का विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क शामिल है। इसी प्रकार विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 4 हजार रुपए की आय हुई।

## मोरवनी फिल्टर प्लांट की मोटर जली, दोपहर में डेढ़ घंटे तक बंद रहे पंप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

7-5-22

गर्मी में जलप्रदाय व्यवस्था बार-बार गड़बड़ा रही है। शुक्रवार को ग्लोबस टंकी, पोलोग्राउंड और गोशाला से शाम को पानी की सप्लाई दी। इसका कारण रात को मोरवनी फिल्टर प्लांट की मोटर जल गई। यह शुक्रवार दोपहर तक ठीक हो पाई, तो 1.35 बजे धोलावड़ डेम से पानी कम लिफ्ट होने के कारण डेढ़ घंटे पंप बंद रहे। टंकियां नहीं भर पाई। ग्लोबस टंकी से सुबह 7 बजे की बजाए शाम 6 बजे से पानी दिया। पोलोग्राउंड टंकी से सुबह 7 से 10 बजे तक और शाम को 6 से 9 बजे तक दो बार में सप्लाई देकर पूरा इलाका कवर किया। यही शेड्यूल गोशाला टंकी का रहा। आशंका है शनिवार को गांधी नगर, गंगासागर, कस्तूरबा नगर और काटजूनगर नगर में से किसी एक या दो टंकी से शेड्यूल के अनुसार पानी नहीं दिया जा सकेगा।

**पाइपलाइन नहीं बिछाई, कार्यपालन यंत्री और दो इंजीनियरों को नोटिस** - यूआईडीएसएसएमटी योजना में पाईप लाईन बिछाने में लापरवाही करने पर जलप्रदाय के कार्यपालन यंत्री मो. हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित, बी चौधरी की दो वेतनवृद्धि रोकने का नोटिस दिया है।

## गंदगी फैलाने वाले 11 लोगों से जुर्माना वसूला

दैनिक भास्कर

रतलाम। नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने, अतिक्रमण और अमानक पालिथीन का उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत गंदगी फैलाने पर राकेश, अर्जुन से 1000-1000, कमल, शोएब से 500-500, रतनलाल, गोविंद से 300-300, रेखा से 250, राजेश, अमीरसिंह, संदीप व सुनील कुमार से 200-200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में की गई। 7-5-22

पत्रिका

# गोपाल गोशाला कॉलोनी में उद्यान व ओपन जिम की हुई शुरुआत



रतलाम. शहर के वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में 19.50 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण शहर विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को हुआ। इस दौरान विधायक काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आमजन से जनभागीदारी का आव्हान किया। विधायक काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गों को नया बनाया जाना है। आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड़ बनना शुरू हो गया है। कालोनियों के आंतरिक मार्गो का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है व ओवरब्रिज का काम जारी है। काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठारी, पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़,आदि उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार ने व आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना।

# दो का वेतन काटा, तीन की वेतन वृद्धि रोकी

रतलाम. नगर निगम आयुक्त ने दो अधिकारियों का एक माह का वेतन काटने व तीन अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए हैं।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर में स्वच्छता के कार्यों का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर के नाले-नालियां गंदगी से भरे पाये जाने पर निगम आयुक्त झारिया ने कार्य में लापरवाही बरतने पर झोन क्रमांक 3 के प्रभारी एपी सिंह व वार्ड दरोगा अजय-बाबुलाल का 1-1 माह का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं। यूआईडीएसएसएमटी योजना में कार्य में लापरवाही पर ठेकेदार से राजसात की गई 185 लाख की राशि से शेष पाईप लाईन डालने व टेस्टींग किये जाने के कार्य में कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद निगम आयुक्त ने प्रभारी कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख व उपयंत्री सुहास पंडित व बीएल चौधरी की 2-2 वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

शहर में क्षेत्रवार स्थान तय होंगे, 14 मई तक बाजार बैठक वसूली भी नहीं होगी

# माईजी का मठ के पास सरकारी जमीन पर लगेगी सब्जी मंडी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सड़क किनारे फल-सब्जी विक्रय पर रोक लगाने के बाद अब प्रशासन क्षेत्रवार स्थान तय करने पर काम कर रहा है। शुक्रवार शाम को छत्रीपुल स्थित माईजी का मठ के पास की शासकीय जमीन पर भी सब्जी मंडी संचालित करने के लिए जेसीबी से जमीन समतल कराई गई। हालांकि मठ के महाराज ने हाइकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए इस पर आपत्ति जताई है।



माईजी का आश्रम में भूमि समतल करती हुई जेसीबी। • नईदुनिया 7-5-22

पूर्व में तय चार स्थानों में से त्रिवेणी के समीप कल्याण नगर क्षेत्र में सब्जी विक्रय की व्यवस्था बेहतर कर दी गई है। शेष तीन स्थान सैलाना रोड ब्रिज के नीचे, जवाहर नगर ग्रिड के पास व साक्षी पेट्रोल पंप के सामने शनिवार को इंतजाम किए जाएंगे। मालूम हो कि पांच मई से शहर में सड़कों पर सब्जी विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है। शहर के विस्तार के मान से स्थान बढ़ाने की मांग आने के बाद माईजी का मठ के पास तीन बीघा शासकीय जमीन चिन्हित कर वहां सब्जी विक्रय के लिए जरूरी सुविधाओं को लेकर तहसीलदार अनिता चौकोटिया के साथ नगर निगम का अमला जेसीबी लेकर पहुंचा। जमीन समतलीकरण का काम रात नौ बजे तक चलता रहा। इधर मठ के महंत अशोक पुरी जी ने जमीन शासकीय होने पर जानकारी अधूरी होने की बात कहते हुए सब्जी मंडी लगाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश से यह जमीन मंदिर के नाम पर दर्ज हुई है। इसकी प्रति भी प्रशासकीय अधिकारियों को दी गई। व्यवस्थापक के तौर पर रिकार्ड में कलेक्टर का नाम दर्ज है, लेकिन जमीन का उपयोग मंडी के लिए नहीं किया जा सकता।

**कल्याण नगर में विवाद करने वालों पर निगम की सख्ती :** गुरुवार को कल्याण नगर में विक्रेताओं को चार बाय चार मीटर के ब्लाक बनाकर स्थान दिया गया था। पहले दिन शहर के कम व ग्रामीण क्षेत्र के सब्जी विक्रेता ज्यादा पहुंचे थे। शुक्रवार को शहर के विक्रेताओं ने स्थान रोकने के लिए अपने खाली ठेले खड़े कर दिए, लेकिन सब्जी नहीं बेची। त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में फल विक्रेताओं को भी कल्याण नगर जाने से रोका गया। इसके पीछे मंशा यह थी कि फल व सब्जी नहीं बिकने से किल्लत होने पर पुराने स्थान पर विक्रय अनुमति मिल जाएगी। इस बात की जानकारी निगम अमले को मिली तो सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, पवन सोलंकी, विनायक कल्याणे आदि ने चीता फोर्स को साथ लेकर खाली खड़े ठेले जब्त कर निगम के वाहन से पांजरा पोल भिजवा दिए। एक सब्जी विक्रेता के साथ कुछ लोगों ने मारपीट भी की, लेकिन उसके द्वारा निगम अमले को नाम नहीं बताने से कार्रवाई नहीं हो पाई।

**कांग्रेस ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन, स्थान बढ़ाने की मांग**

फल और सब्जी विक्रेताओं ने शुक्रवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया कि नई व्यवस्था से गरीब सब्जी-फल विक्रेताओं के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाय ऐसे मार्ग जहां आवागमन कम है, वहां व्यवस्था की जाए। फल विक्रेताओं ने रामगढ़, ईदगाह रोड, आंबेडकर सर्कल आदि स्थान सुझाए।

**"** शासकीय जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नायब तहसीलदार, आरआइ, पटवारी का आठ सदस्यीय दल गठित करके की गई है। शासकीय रिकार्ड के मान से ही नियमानुसार कार्रवाई की गई है। **- अनिता चौकोटिया, तहसीलदार, रतलाम शहर**

## खेतलपुर में कम्युनिटी हाल का भूमिपूजन आज

रतलाम। खेतलपुर में कम्युनिटी हाल का सात मई को प्रातः 11 बजे विधायक चेतन्य काश्यप और जिला योजना समिति राजेंद्रसिंह लुनेरा की उपस्थिति में भूमिपूजन होगा। लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व निगम अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# अवैध कालोनियों पर एक्शन खजाने में सात करोड़ आए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में अवैध कालोनियों पर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद अब वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इसके चलते एक वर्ष में कालोनाइजर से प्राप्त शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड़ 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व मिला। कार्रवाई के बाद जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं।

कलेक्टर कार्यालय की कालोनी सेल ने बताया कि 5 मई 2021 से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपये प्राप्त हुए। इसमें नगर निगम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपये तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपये विकास अनुमति शुल्क शामिल है।

**कार्रवाई**

- वैध कालोनी बढ़ने से सरकारी शुल्क से हुई आय
- जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए

विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। 7-5-22

शहरी विकास अभिकरण परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कालोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के 9 लाख 25 हजार रुपये प्राप्त हुए। कालोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 व ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कालोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र जारी किए गए। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क शामिल है।

# जोन प्रभारी, दरोगा का एक-एक माह का वेतन रोका

रतलाम। सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक-15 सुभाष नगर के नाले-नालियां गंदगी से भरे पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कार्य में लापरवाही बरतने पर जोन क्रमांक-तीन के प्रभारी एपी सिंह व वार्ड दरोगा अजय-बाबूलाल का एक-एक माह का वेतन रोका गया। साथ ही कारण बताओ सूचना-पत्र भी जारी किया गया।

**प्रभारी कार्यपालन यंत्री व दो उपयंत्रियों की दो-दो वेतन वृद्धि रोकी**

यूआइडीएसएसएमटी योजना में पाइप लाइन कार्य में लापरवाही बरते जाने पर ठेकेदार से राजसात की गई 185 लाख की राशि से शेष पाइप लाइन डालने व टेस्टिंग किए जाने के कार्य में कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर प्रभारी कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, उपयंत्री सुहास पंडित व बीएल चौधरी की दो-दो वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

# त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन फल-सब्जी मण्डी हुई प्रारंभ

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व निगम आयुक्त ने किया संयुक्त निरीक्षण

रतलाम । यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाकर तय 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी का विक्रय किये जाने के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषन में त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन सब्जी मण्डी को प्रारंभ किया गया।

त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन सब्जी मण्डी का कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिशेक तिवारी व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संयुक्त निरीक्षण गया। निरीक्षण के दौरान नवीन मण्डी में मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराये जाने निर्देष संबंधित को दिये गये ताकि विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रषासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु फल-सब्जी विक्रय हेतु फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने चिन्हित किये गये थे जिसमें से 5 मई गुरूवार को त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन फल-सब्जी मण्डी प्रारंभ की गई है जिसके तहत 150 सब्जी व 45 फल विक्रताओं द्वारा अपना प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही नागरिकों ने भी फल-सब्जी क्रय करना प्रारंभ कर दिया गया है। नवीन फल-सब्जी मण्डी प्रारंभ होने से षहर का यातायात तंत्र भी सुगम हुआ है। उन्होने बताया कि त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने 4 मई को अपना पंजीयन कराया था निगम द्वारा 4 बाय 4 के ब्लॉक बनाकर उन्हे व्यवस्थित रूप से बैठाया गया है। इसके अलावा नवीन फल-सब्जी मण्डी में सब्जी-फल विक्रेताओं से 7 दिवस तक किसी प्रकार की बाजार बैठक वसूली नहीं की जायेगी।



स्व प्रंत रतलाम 7-5



# कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया

स्व प्रंत रतलाम 7-5-22

रतलाम। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर की कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम

# अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के बाद 7 करोड़ की राजस्व आय

## नियमों के विपरीत काम करने वालों ने अब नियमानुसार काम करना शुरू कर दिया है

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में प्रशासन द्वारा अवैध कालोनियों पर की गई कार्रवाई के बाद अब परिणाम शासन के पक्ष में बेहतर नजर आने लगे है। नियमों के विपरित काम करने वालों के द्वारा अब नियमानुसार काम करना शुरू कर दिया है, जिसके चलते जिले में वैध कॉलोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं शासन की राजस्व आय में बीते एक वर्ष में कॉलोनाइजर्स से विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई है।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल से मिली जानकारी के अनुसार 5 मई 2021 से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

## कॉलोनाइजर्स का मिले प्रमाण पत्र

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित हैं।

**पत्रिका की खबर के बाद मंत्री ने की बैठक:** जिलों की पूरी रिपोर्ट तलब, हर दिन पेयजल आपूर्ति के निर्देश

# पानी देने में देरी की तो गिरेगी गाज, 2 ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में पेयजल संकट पर सरकार एक्शन में आ गई है। अब पेयजल प्रोजेक्ट में निर्धारित अवधि से देरी होने पर संबंधित ठेकेदार को टर्मिनेट या ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा। शुक्रवार को नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्र सिंह ने सभी जिलों को इसके निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी जिले में पेयजल आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे। बैठक में ही उन्होंने दो ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। कुछ टेंडर वापस से करना तय किया। उन्होंने कहा, जहां-जहां से शिकायतें आ रही हैं, वहां पर तुरंत सुधार करें।

खबर का असर




पत्रिका में प्रकाशित

पत्रिका ने 6 मई के अंक में पेयजल आपूर्ति की स्थिति खराब होने को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद मंत्री ने अफसरों को रिपोर्ट के साथ तलब कर लिया।

## जलापूर्ति के संबंध में किया बदलाव

मंत्री ने नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से अलग-अलग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बात कर पेयजल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा, जिन नगरीय निकायों में दो दिन छोड़कर पानी दे रहे हैं, वहां दूसरे दिन और जहां एक दिन छोड़कर पानी दे रहे हैं, वहां हर दिन आपूर्ति करें। उन्होंने कहा कि अमृत प्रोजेक्ट के कंसल्टेंट समय पर रिपोर्ट दें। पर्याप्त पानी के स्रोत भी चिन्हित करें। बैठक में मंत्री ने पानखेडी (कालापीपल) में अमृत योजना के कार्य में देरी पर कंसल्टेंट और कांट्रेक्टर को ब्लैक-लिस्ट करने के निर्देश दिए। मंडीदीप में दो दिन कैंप लगाकर पेयजल योजना की समीक्षा कर काम में तेजी लाने व पुराने कांट्रेक्टर को हटाने के निर्देश दिए। भूपेंद्र ने कहा, मुलताई में रेलवे लाइन के पास पाइप-लाइन डालने के संबंध में डीआरएम नागपुर से चर्चा करें। उन्होंने 8 मई को लाडली लक्ष्मी कार्यक्रम के तहत सभी निकायों को तैयारी करने के लिए कहा।

## बैठक में खास-खास

***ग्वालियर आयुक्त ने बताया कि ग्वालियर में 6 साल-बाद प्रतिदिन पेयजल दे रहे हैं।***

मंत्री ने कटनी में पेयजल आपूर्ति रोज करने के समुचित प्रबंध करने के लिए कहा।

***नगर परिषद चांद-छिंदवाड़ा की परियोजना में धीमी प्रगति पर दोबारा टेंडर के निर्देश।***

नगर परिषद न्यूटन चिखली में भी प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था के निर्देश दिए।

---

**ओबीसी आरक्षण:** 600 पन्नों की रिपोर्ट पेश

# तर्क ऐसे: वकीलों ने 40 मिनट तक समझाई रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने शुक्रवार को ओबीसी आरक्षण को लेकर कहा कि सरकार ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की 600 पृष्ठ से अधिक की विस्तृत रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश की है।

प्रेसवार्ता में सिंह ने कहा, आयोग के अधिवक्ता पीएस पटवालिया, निखिल जैन व सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 40 मिनट तक रिपोर्ट के बारे में कोर्ट को जानकारी दी। हमने अपनी ओर से पर्याप्त तर्कों और आंकड़ों के साथ मजबूती से पक्ष रखा है। सिंह के मुताबिक रिपोर्ट में प्रत्येक जिले व निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति का अध्ययन कर प्रदेश में 48 फीसदी मतदाता अन्य पिछड़ा वर्ग के आंकलित किए गए हैं। हमने त्रिस्तरीय ग्रामीण व निकाय चुनाव में 35 फीसदी ओबीसी आरक्षण मांगा है।

## कांग्रेस पर निशाना

मंत्री भूपेंद्र ने कहा, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग का कल्याण नहीं चाहती। वह दिखावा करती है। उलटे कांग्रेस को धन्यवाद करना चाहिए कि जो काम उनकी सरकार ने नहीं किया, वह हमारी सरकार ने किया।

सरकार ने जिस तरह के असंगत आंकड़े कोर्ट में पेश किए हैं, उससे साफ है शिवराज सरकार पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण समाप्त कराने का षड्यंत्र रच रही है। **-अरुण यादव,** पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

## आमजन से किया जनभागीदारी का आव्हान

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है। श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गों का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गों का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है. और ओवरब्रिज का काम जारी है। ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठारी,पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठौड़,मनोज झालानी, रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार ने किया। आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना।

# सब्जी और फ्रूट विक्रेता अपनी मांगों को लेकर शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कलेक्टर से मिले

रतलाम। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख मार्गों से सब्जी और फ्रूट विक्रेताओं को हटाकर अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा है ऐसी स्थिति में गरीब सब्जियों फल विक्रेताओं के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। सैकड़ों की तादाद में फल और सब्जी विक्रेताओं ने आज शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में जिलाधीश से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। गरीब व्यापारियों की मांग थी त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाय शहर में अन्य जो मार्ग है जहां यातायात नहीं है उन स्थानों पर उनको विक्रय करने की अनुमति दी जाए स्थानों पर पूरी व्यवस्था की जाए। फल विक्रेताओं मांग की गई है रामगढ़, ईदगाह रोड, अंबेडकर सर्कल वह अन्य स्थान जहां ट्रैफिक नहीं है वहां उन्हें व्यवसाय करने दिया जाए ज्ञापन लेकर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जिलाधीश ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई अभी सब्जी व फल विक्रेताओं के साथ नहीं की जाए।

दबंग दुनिया 7-5

# विधायक काश्यप द्वारा गोपाल गौशाला कॉलोनी में उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण

स्वतंत्र समय, रतलाम। 7-5-22



वार्ड क्रमांक 16 की गोपाल गौशाला कॉलोनी में साढ़े 19 लाख रुपए की लागत के उद्यान और ओपन जिम का लोकार्पण विधायक चेतन्य काश्यप के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री काश्यप ने शहर में किए जाने वाले विकास कार्यों पर प्रकाश डालते हुए आम जन से जनभागीदारी का आव्हान किया उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से व्यवस्थाएं सुचारु रहती है। श्री काश्यप ने बताया की आगामी 4-6 महीनों में शहर के सभी प्रमुख सड़क मार्गों का नवनिर्माण होगा। आज ही आजाद चौक से घांस बाजार के बीच सीसी रोड बनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। कालोनियों के आंतरिक मार्गों का भी इसी तरह निर्माण किया जाएगा। गोपाल गोशाला कालोनी के समीप फोरलेन बन चुका है और ओवरब्रिज का काम जारी है। ईश्वर नगर के फाटक पर अंडर ब्रिज का प्रस्ताव मंजूर हो गया है, जिसे मोड़ अधिक होने से अंतिम रूप दिया जाना है। श्री काश्यप ने उद्यान में बिजली कनेक्शन और अन्य कार्यों के लिए समिति बनाने का सुझाव दिया। आरम्भ में स्वागत भाषण सुदीप पटेल ने दिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री निर्मल कटारिया जिला कोषाध्यक्ष जयवन्त कोठरी,पूर्व पार्षद निर्मला पटेल, पूर्व पार्षद एवं अजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदीप पटेल, महिला मोर्चा प्रदेश सदस्य अनीता कटारिया,मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, मयूर पुरोहित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विप्लव जैन, पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष दिनेश राठैड़, मनोज झालानी, रमेश कटारिया सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन नंदकिशोर पवार ने किया। आभार मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी ने माना। लोकार्पण समारोह में पटेल कॉलोनी मित्र मंडल, कलीमी कॉलोनी मित्र मंडल एवं गोपाल गौशाला कॉलोनी के निवासियों ने विकास कार्यों के लिए विधायक श्री काश्यप का स्वागत-अभिनंदन किया।

## फल विक्रेताओं को प्लेटफार्म पर विस्थापित की जाए

रतलाम। जिलाधीश से प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा भाजपा आईटी सेल के पूर्व जिला संयोजक अनिल कटारिया ने निवेदन किया है, की बाजार क्षेत्र में यातायात सुगम बनाने के उद्देश्य से सब्जी एवं फल विक्रेताओं को त्रिवेणी श्मसान रोड पर बनाई सब्जी मंडी पर स्थानांतरित किया गया हैं, लेकिन उक्त सब्जी मंडी में विक्रेताओं की अधिक संख्या होने के कारण जगह की कमी नजर आती है। गौरतलब है, की सब्जी एवं फल विक्रेताओं में से फल विक्रेताओं को त्रिपोलिया गेट पर बने स्थाई प्लेटफार्म पर विस्थापित करने से उक्त समस्या का समाधान हो सकता है, तथा कॉलोनी के मुख्य मार्ग के विपरीत दिशा में 10 से 15 फिट का अतिरिक्त अवैध निर्माण किया गया हैं।

वार्ड 8 में एक हफ्ते में पानी की व्यवस्था सुधारने की मांग की

# नलजल योजना की हकीकत, 5 दिन में आ रहा 20 मिनट पानी

## भाजपा की पूर्व पार्षद ने निगम कमिश्नर का घेराव करने की चेतावनी दी



रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 7-5-22

वार्ड 8 में जनता को पीने का पानी नही मिलने से पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम को चेतावनी देकर 8 दिन में व्यवस्था सुधारने की बात कही है। इसके साथ ही कहा है कि अगर व्यवस्था नही सुधरी तो निगम कमिश्नर का घेराव किया जाएगा। आपको बता दे की शहर में कई जगह जलसंकट जैसी स्थिति निर्मित हो रही है वही जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस काम नही कर रहे है जिससे रहवासियों को पानी की समस्या से जुझना पड रहा है। वार्ड 8 में केवल 20 मिनिट पानी आता उसमे भी 4 से 5 दिन में नल आ रहे पानी आ रहा है जिससे पूरे वार्ड में अफरा तफरी मची है और हर व्यक्ति पानी को लेकर परेशान हो रहा है। जहा नगर निगम रोज पानी देने का दावा कर रही थी वो एक दिन छोडकर भी लोगो को तय समय पर पानी नही मिल पा रहा है, वहीं निगम अधिकारियों द्वारा बहानेबाजी बनाई जा रही है।

वार्ड नंबर 8 में 28 स्थानों पर पाइप लाइन लीकेज है जिससे हजारों गेलन पानी सडक पर व्यर्थ बह रहा है। अगर एक वार्ड में 28 लीकेज हैं तो पूरे शहर में कितने होंगे और अगर लीकेज धोलावाड़ तक देख लिया जाए उसकी सिर्फ कल्पना ही की जा सकती है। पूर्व पार्षद सीमा टाक ने निगम अधिकारियों हनीफ शेख, भैया लाल चौधरी, नीरज यादव को वार्ड में बुलाकर लीकेज बताये व पानी की स्थिति से जनता से रुबरू करवाया।

# फल-सब्जी विक्रेताओं की समस्या को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की

रतलाम। जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख मार्गों से सब्जी-फल विक्रेताओं को हटाकर अन्यत्र स्थानों पर भेजा जा रहा है ऐसी स्थिति में गरीब सब्जियों फल विक्रेताओं के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया। सैकड़ों की तादाद में फल और सब्जी विक्रेताओं ने शुक्रवार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष श्रीमती यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में जिलाधीश महोदय से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। गरीब व्यापारियों की मांग थी त्रिवेणी व अन्य स्थानों के बजाय शहर में अन्य जो मार्ग है जहां यातायात नहीं है उन स्थानों पर उनको विक्रय करने की अनुमति दी जाए स्थानों पर पूरी व्यवस्था की जाए। फल विक्रेताओं मांग की गई है रामगढ़, ईदगाह रोड, अंबेडकर सर्कल वह अन्य स्थान जहां ट्रैफिक नहीं है वहां उन्हें व्यवसाय करने दिया जाए ज्ञापन लेकर शीघ्र कार्यवाईकरने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई अभी सब्जी व फल विक्रेताओं के साथ नहीं की जाए।